प्रीलिम्स फैक्ट्स : 12 मार्च, 2018

आईटीबी-बर्लिन ट्रेवल ट्रेड शो

प्रमुख बिंदु

- भारत ने आईटीबी-बर्लिन ट्रेवल ट्रेड शो के अंतिम दिन 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शक पुरस्कार' (Best Exhibitor Award) जीता है।
- आईटीबी-बर्लिन वर्ल्ड टूरिस्ट मीट 7 मार्च से लेकर 10 मार्च, 2018 तक जर्मनी के बर्लिन में आयोजित की गई थी।
- 100 से भी अधिक देशों ने 'आईटीबी-बर्लिन मीट' में अपने-अपने संबंधित पर्यटन मंत्रियों के माध्यम से शिरकत की।
- इस दौरान भारत के 'अतुल्य भारत (पर्यटन मंत्रालय)' ने 'योगी ऑफ द रेसट्रैक' नामक एक लघु फिल्म प्रस्तुत की।
- आईटीबी-बर्लिन विश्व का अग्रणी ट्रेवल ट्रेड शो है।

दक्षिण एशिया का पहला संयुक्त HADR केंद्रित हवाई अभ्यास

प्रमुख बिंदु

- भारतीय वायुसेना की दक्षिणी वायु कमान (Southern Air Command) द्वारा एक बहुपक्षीय वायुसेना अभ्यास 'संवेदना' (Samvedna) का आयोजन किया जा रहा है।
- यह अभ्यास 12-17 मार्च, 2018 को केरल के तट पर आयोजित किया जाएगा।
- यह दक्षिण एशियाई क्षेत्र का पहला संयुक्त मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (Humanitarian Assistance and Disaster Relief-HADR) हवाई अभ्यास है जो आपदा प्रबंधन के लिये कई राष्ट्रों के बीच सहयोग सुनिश्चित करने हेतु वायुसेना आधारित HADR समाधानों के अभ्यास पर केंद्रित होगा।
- बांग्लादेश, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात और म्याँमार की वायुसेनाओं ने पहले से ही इस अभ्यास के लिये संसाधन और कर्मियों की तैनाती हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की है और इस क्षेत्र से कुछ अन्य वायुसेनाओं के भी शामिल होने की उम्मीद है।
- भारत के पश्चिमी तट पर आई सुनामी आपदा पर आधारित होने के कारण इस अभ्यास में भारत के पश्चिमी द्वीपों और पश्चिमी तट पर मुख्यत: आपदा पश्चात् (Post-Disastar) प्रबंधन का अभ्यास किया जाएगा।

यूरोपीय निवेश बैंक-इरेडा समझौता

प्रमुख बिंदु

- यूरोपीय निवेश बैंक (EIB) और भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (IREDA) लिमिटेड ने बिना सरकारी गारंटी वाले 150 मिलियन यूरो के दीर्घकालिक ऋण हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- यह ऋण 15 साल की अवधि के लिये है जिसमें 3 साल की रियायती अवधि (Grace Period) शामिल है।
- इसका उपयोग भारत में अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिये किया जाएगा।
- इस राशि को फोटोवोल्टिक सेल और पवन ऊर्जा संबंधी परियोजनाओं में लगाया जाएगा। इन निधियों से उत्पादित स्वच्छ ऊर्जा से 1.1 मिलियन से भी अधिक परिवारों को लाभ होगा।

यूरोपीय निवेश बैंक (EIB)

- EIB यूरोपीय संघ की दीर्घकालिक ऋण प्रदान करने वाली संस्था है।
- यह संस्था यूरोपीय संघ की नीतियों को लागू करने के लिये यूरोपीय संघ के अन्य संस्थानों के साथ मिलकर काम करती है और बहुपक्षीय वित्तपोषण का भी कार्य करती है।
- इस बैंक की 90% से भी अधिक गतिविधियाँ यूरोप में केंद्रित हैं लेकिन विश्व स्तर पर भी यह एक बड़ा निवेशक है।
- EIB चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों- नवाचार और कौशल, लघु व्यवसायों के लिये वित्त, बुनियादी ढाँचा तथा जलवायु और पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित करता है।

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (IREDA-इरेडा)

- यह भारत सरकार के 'नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय' के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्यरत एक मिनीरत्न (श्रेणी 1) प्रकार की कंपनी है।
- इसका कार्य नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से संबंधित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना तथा इनके विकास हेतु इन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
- इसे 'कंपनी अधिनियम, 1956' की धारा 4'ए' के तहत 'सार्वजनिक वित्तीय संस्थान' (Public Financial Institution) के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- इसे 'भारतीय रिज़र्व बैंक' के नियमों के अंतर्गत 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी' (Non-Banking Financial Company) के रूप में पंजीकृत किया गया है।
- इसे वर्ष 1987 में 'गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था' के रूप में एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी के तौर पर गठित किया गया था।

उत्तराखंड का 5th स्प्रिंग बर्ड फेस्टिवल

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड वन विभाग द्वारा 9 से 11 मार्च तक स्प्रिंग बर्ड फेस्टिवल के पाँचवे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। 2014 से इसका आयोजन वार्षिक रूप से किया जा रहा है।
- यह आयोजन झिलमिल झील (Jhilmil Jheel) और थानो आरक्षित वन (Thano Reserved Forest) में किया जाएगा।
- फेस्टिवल के दौरान गाइडेड बर्ड वॉचिंग, हेरीटेज वॉक, फोटोग्राफी वर्कशॉप होगी
- एक अनुमान के मुताबिक देश में पक्षियों की 1200 प्रजातियाँ मौजूद है जिनमें से 710 प्रजातियाँ अकेले उत्तराखंड में ही पाई जाती हैं।
- अभी तक थानो रेंज में 165 और झिलमिल झील में पक्षियों की 225 प्रजातियाँ सूचित की जा चुकी हैं।
- इस फेस्टिवल का उद्देश्य उत्तराखंड के थानो रेंज और झिलमिल झील संरक्षित क्षेत्र को ईको टूरिज़्म डेस्टिनेशन के साथ ही राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बर्डिंग डेस्टिनेशन के रूप में पहचान दिलाना है।
- देहरादून से 24 किमी. दूर अवस्थित साल के वनों, झाड़ियों से घिरा थानो आरक्षित वन बर्डवाचर्स और प्रकृति प्रेमियों के लिये स्वर्ग की तरह है।
- हरिद्वार से 20 किलोमीटर दूर स्थित झिलमिल झील कंज़र्वेशन रिज़र्व आर्द्रभूमि पक्षियों के लिये महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह उत्तराखंड में एकमात्र स्थान है जहाँ बारहसिंघा देखे जा सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-12-03-2018